नाम हरि का जप ले रे बंदे | By Gyanendra Sharma |

नाम हरि का जप ले रे बंदे
जीवन है ये थोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

खेलों में बचपन गंवाया
भूल गया किस काम को आया
यौवन काल का अहम भरमाया
देख बुढ़ापा क्यों घबराया

आंख खुली जब खड़ा सिराने
लेकर काल हथौड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

नाम हरि का जप ले रे बंदे
जीवन है ये थोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

नाम हरि का अमृत प्याला
पीकर बन जा तू मतवाला
ज्योति जला इस नाम की मन में
जीवन में होगा उजियाला

पछताएगा बंदे तूने
जो इससे मुख मोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

नाम हरि का जप ले रे बंदे
जीवन है ये थोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

सदा रहे न यहाँ ठिकाना
बात ये बंदे भूल न जाना
हरि नाम का सुमिरन कर ले
घटता जाए सांस खजाना

साथ न जाएगा जो तूने
लूट-लूट धन जोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

नाम हरि का जप ले रे बंदे
जीवन है ये थोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

माया के वश जो रहते हैं
घोर नरक में दुख सहते हैं
कदर समय की जान ले मूर्ख
ज्ञानी आज ये नित कहते हैं

समय बड़ा बलवान है इसने
लाखों का दम तोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

नाम हरि का जप ले रे बंदे
जीवन है ये थोड़ा
दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%bf-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%aa-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-gyanendra-sharma/